BIHAR BOARD CLASS–XII

2022

SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णक: 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खंडों में है-खण्ड-अ एवं खण्ड-व

6. खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ/ ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्याथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-व में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग वर्जित है।

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न- संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

bsebresult.in

1. हिंदी में वचन के कितने प्रकार हैं?

(A) एक

(B) तीन

(C) दो

(D) चार

2. 'तीर से वाघ मार दिया गया- किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान

(B) अपादान

(C) संबोधन

(D) करण

3. 'यह मेरा छोटा भाई सौरभ है'-किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(A) निश्चयवाचक

(B) निजवाचक

(C) संबंधवाचक

(D) अनिश्चयवाचक

4. 'सब धन'-कौन-सा विशेषण है?

(A) संख्यावाचक

(B) परिणामबोधक

(C) गुणवाचक

(D) सार्वनामिक

bsebresult.in

5. क्रिया के कितने 'भेद होते हैं?

(A) तीन

(B) चार

(C) दो

(D) पाँच

6. 'वह जाएगा' किस काल का उदाहरण है?

(A) वर्तमान काल का

(B) भूतकाल का

(C) संदिग्ध भूतकाल का

(D) भविष्यत काल का

bsebresult.in

7. 'पगड़ी' शब्द क्या है?

(A) देशज

(B) विदेशज

(C) तत्सम

(D) तद्भव

8. 'जिन शब्दों के खंड सार्थक न हो' उन्हें क्या कहते हैं?

(A) यौगिक

(B) रूद

(C) योगरूढ़

(D) इनमें से कोई नहीं

9. 'विनय' शब्द में उपसर्ग क्या है?

(A) विन

(B) इन

(C) वि

(D) इ

10. 'वंदना' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) ना

(B) न

(C) आ

(D) अना

11. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी किसके अभिभावक बनकर मेयो कॉलेज अजमेर में आए ?

(A) राजा भोज के

(B) राजा हरि सिंह के

(C) खेतड़ी के नाबालिग राजा जयसिंह के

(D) राजा देवगुप्त के

12. 'वातचीत' शीर्षक निबंध के अनुसार, रस का समुद्र किनकी बातचीत में उमड़ा चला आता है?

(A) दो हम सहेलियों की बातचीत में

(B) दो पुरुषों की बातचीत में

bsebresult.in

(C) दो बच्चों की बातचीत में

(D) दो मूर्खों की बातचीत में

13. ' उसने कहा था' शीर्षक कहानी में यह किसने कहा कि 'उदमी, उठ सिगड़ी में कोले डाला' ?

(A) वजीरासिंह

(B) सूबेदार हजारासिंह

(C) सुबेदारी

(D) बोधासिंह

14. जयप्रकाश नारायण मार्क्सवादी कब बने?

(A) 1922 ई. में

(B) 1923 ई. में

(C) 1924 ई. में

(D) 1925 ई. में

bsebresult.in

15. जयप्रकाश नारायण का पुकार का नाम क्या था ?

(A) बबुआ

(B) जगन

(C) नारायण

(D) बाउल

16. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ हिंदी साहित्य की कौन विधा है?

(A) रेखाचित्र

(B) निबंध

(C) जीवनी

(D) आत्मकथा

17. बचपन में खेलने के लिए सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय ने कौन-सा नाटक लिखा था?

(A) वज्रसभा

(B) वरद्सभा

(C) इंद्रसभा

(D) जनसभा

bsebresult.in

18. 'रोज' शीर्षक कहानी में मालती मिट्टी का बर्तन गरम पानी से क्यों धो रही है?

(A) खाना रखने के लिए

(B) खाना बनाने के लिए

(C) पानी रखने के लिए

(D) दही जमाने के लिए

19. भगत सिंह का जन्म कब हुआ था?

(A) 28 सितम्बर, 1907 ई.

(B) 22 अक्टूबर, 1904 ई-

(C) 24 सितम्बर, 1905 ई.

(D) 25 जुलाई, 1906 ई.

20. 'प्रेम की पीर के कवि कौन हैं?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) ज्ञानेंद्रपति

(C) रघुवीर सहाय

(D) जायसी

21. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) निरिह

(B) तत्त्व

(C) पत्नि

(D) नुपुर

bsebresult.in

22. जिस संज्ञा से नाप-तौल वाली वस्तु का बोध हो, उसे क्या कहते हैं?

(A) समूहवाचक

(B) भाववाचक

(C) द्रव्यवाचक

(D) जातिवाचक

23. 'शिक्षा' शब्द क्या है?

(A) पुलिंग

(B) उभयलिंग

(C) स्त्रीलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

24. 'भिक्षा' शब्द क्या है?

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशज

25. 'पाठक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?

(A) पाठकी

(B) पाठिका

(C) पाठाकु

(D) पाठकीन

bsebresult.in

26. 'कक्षा' शब्द क्या है?

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

27. 'विल्ली छत से कूद पड़ी '-किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक

(B) संबंधकारक

(C) अपादानकारक

(D) करणकारक

28. 'देश-विदेश' शब्द कौन समास है?

(A) द्विगु

(B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय

(D) द्वंद्व

29. 'कोसों दूर भागना मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) बहुत अलग रहना

(B) बराबर मानना

(C) विघ्न आना

(D) संतोष होना

bsebresult.in

30. 'जो स्त्री अभिनय करे–के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) अभिनेत्री

(B) कवयित्री

(C) स्त्रीनेत्री

(D) अभिनीत

31. 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता किस महाकाव्य का अंश है?

(A) अष्टयाम

(B) लहर

(C) कामायनी

(D) मुकुल

32. वर्ग 9 तक की पढ़ाई के बाद शिक्षा अधूरी छोड़कर कौन कवयित्री असहयोग आंदोलन में कुछ पड़ी थी?

(A) मीराबाई

(B) महादेवी वर्मा

(C) अनामिका

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

33. "तेज तम अंस पर कान्ह जिमि कंस पर, यी मलेच्छ बंस पर सेर सिवराज है"- यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

bsebresult.in

(A) कवित्त

(B) पद (तुलसीदास)

(C) छप्पय

(D) पद (सुरदास)

34. भूषण ने किस रस को प्रमुखता दी है ?

(A) हास्य रस

(B) वीर रस

(C) रौद्र रस

(D) श्रृंगार रस

35. गोस्वामी तुलसीदास हिंद के कैसे महाकवि हैं?

(A) जातीय महाकवि

(B) स्वच्छन्द महाकवि

(C) अन्तर्जातीय महकवि

(D) रूढ़िवादी महाकवि ।

36. 'म' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ

(B) ओष्ठ

(C) तालु

(D) दंत

37. 'पृथ्वीश' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) पृथ्वी + श

(B) पृ + थ्वीश

(C) पृथ्वी + ईश

(D) पृथ + वीश

38. निम्न में शुद्ध कौन है ?

(A) प्रमेश्वर

(B) परिक्षण

(C) प्रान

(D) परीक्षा

bsebresult.in

39. 'वाराणसी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक

(B) जातिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

40. 'नगर' शब्द क्या है?

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

bsebresult.in

41. सूरदास किस भाषा के कवि हैं?

(A) मगही

(B) मैथिली

(C) ब्रजभाषा

(D) भोजपुरी

42. 'गीतावली' किसकी रचना है ?

(A) सूरदास

(B) नाभादास

(C) मलिक मुहम्मद जायसी

(D) तुलसीदास

43. नाभादास किसके समकालीन थे?

(A) तुलसीदास

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) गजानन माधव मुक्तिबोध

(D) भूषण

44. 'हार-जीत' शीर्षक कविता किस प्रकार की रचना है ?

(A) गद्य कविता

(B) शोक गीत

(C) हर्ष गीत

(D) पद्य गीत

45. मीरा ने अपना प्रियतम किसे माना है?

(A) ब्रह्मा को

(B) कृष्ण को

(C) शिव को

(D) राम को

46. 'शिवा बावनी' के कितने मुक्तकों में छत्रपति शिवाजी की वीरता का बखान किया गया है ?

(A) 50

(B) 53

bsebresult.in

(C) 52

(D) 54

47. 'झरना' शीर्षक काव्य संकलन किस कवि की रचना है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) अशोक वाजपेयी

(D) जयशंकर प्रसाद

48. सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन कैसे हुआ ?

(A) कार दुर्घटना में

(B) ट्रेन दुर्घटना में

(C) बस दुर्घटना में

(D) हवाई जहाज दुर्घटना में

bsebresult.in

49. शमशेर बहादुर सिंह ने सोवियत रूस की यात्रा कब की ?

(A) 1975 ई. में

(B) 1978 ई० में

(C) 1960 ई. में

(D) 1976 ई. में

50. "नील नदी, अमेजन, मिसौरी में वेदना से गाती हुई वहती बहाती हुई जिंदगी की धारा एक" यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) हार-जीत

(B) गाँव का घर

(C) जन-जन का चेहरा एक

(D) उषा

51. 'अधिनायक' शीर्षक कविता किस कविता संग्रह से ली गई है?

(A) सबकुछ होना बचा रहेगा

(B) अतिरिक्त नहीं

(C) लगभग जयहिंद

(D) आत्महत्या के विरुद्ध

52. 'एक लेख और एक पत्र' शीर्षक पाठ क्या है ?

(A) ऐतिहासिक पत्र

(B) संस्मरण

(C) कहानी

(D) कविता

53. भगत सिंह के पिता का क्या नाम था ?

(A) सरदार विशुन सिंह

(B) सरदार किशन सिंह

(C) सरदार पीरत सिंह

(D) सरदार कीरत सिंह

bsebresult.in

54. 'ओ. सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार, सन् 1962 की बाढ़ का दृष्य जिन्होंने देखा है, उन्हें 'रामचरितमानस' में किसके क्रोध रूपी नदी की बाढ़ याद आयी होगी ?

(A) लक्ष्मण के

(B) भरत के

(C) कैकेयी के

(D) राम के

55. 'ओ सदानीरा पाठ के अनुसार, गाँधीजी ने 'आश्रम विद्यालय' कहाँ स्थापित किया था?

(A) पाटलिपुत्र, नालंदा में

(B) सासाराम, भभुआ में

(C) वैशाली, राजगीर में

(D) बड़हरवा, मधुबन और भितिहरवा

bsebresult.in

56. मोहन राकेश किस आंदोलन में के प्रमुख हस्ताक्षर थे?

(A) नई कहानी आंदोलन के

(B) कविता आंदोलन के

(C) स्वाधीनता आंदोलन के

(D) समाज सुधार आंदोलन के

57. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में, हड्डियों का चलता-फिरता ढाँचा कौन है?

(A) पलटू राम

(B) दीनू कुम्हार

(C) सियाराम मोची

(D) पंडित दीनानाथ

58. 'आलोचना' त्रैमासिक के प्रधान संपादक कौन थे?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(C) नामवर सिंह

(D) जयप्रकाश नारायण

59. 'प्रगीत और समाज' शीर्षक पाठ के अनुसार, आचार्य रामचंद्र शुक्ल के काव्य-सिद्धांत के आदर्श क्या थे?

(A) भक्तिकाव्य

(B) सूफीकाव्य

(C) गीतिकाव्य

(D) प्रबंधकाव्य

bsebresult.in

60. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा में स्कूल के हेडमास्टर का क्या नाम है ?

(A) कलीराम

(B) सियाराम

(C) हरिराम

(D) हरेराम

61. 'सौभाग्य' शब्द का विलोम क्या है?

(A) नभाग्य

(B) दुर्भाग्य

(C) सभाग्य

(D) अभाग्य

62. 'पत्नी' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(A) सेवक

(B) वारि

(C) अर्धांगिनी

(D) विबुध

63. 'हमारे जवानों को देखकर दुश्मन भाग गए-कौन वाक्य है?

(A) मिश्र वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

64. 'कहा जा सकता है'-कौन पदबंध है?

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

65. 'चतुर्भुज' शब्द कौन समास है?

(A) द्विगु

(B) दंद्र

(C) तत्पुरुष

(D) अव्ययीभाव

bsebresult.in

66. 'विकास' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) विकासी

(B) विकसित

(C) विकसिती

(D) विकसिन

67. संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अंत में लगनेवाले प्रत्यय को क्या कहते हैं ?

(A) तध्दित

(B) कृदंत

(C) क्रियाद्योतक कृदंत

(D) वर्तमानकालिक विशेषण

bsebresult.in

68. य ल, व, कौन व्यंजन है?

(A) स्पर्श व्यंजन

(B) उष्म व्यंजन

(C) अंतःस्थ व्यंजन

(D) इनमें से कोई नहीं

69. हिंदी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

70. दिगंबर' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) दिक् + अंबर

(B) दिगंबर

(C) दिगंबर

(D) दिगंब + र

71. किन्होंने प्रायः लंबी कविताएँ ही लिखी है?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध

(B) भूषण

(C) नाभादास

(D) जायसी

72. 'इवारत से गिरी मात्राएँ शीर्षक कविता संग्रह किसकी रचना है ?

(A) रघुवीर सहाय

(B) अशोक वाजपेयी

(D) शमशेर बहादुर सिंह

(C) ज्ञानेंद्रपति

73. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के अनुसार, पंचायती राज में कौन खो गए?

(A) ग्रामीण

(B) कस्बाई

(C) पंच परमेश्वर

(D) शहरी

bsebresult.in

74. 'हार-जीत' शीर्षक कविता में 'मशकवाला' क्या कर रहा है ?

(A) गाना गा रहा है।

(B) नाच रहा है।

(C) बात कर रहा है।

(D) सड़क सींच रहा है।

75. सर्कस का प्रकाश-बुलीआ शहर से कितनी दूर से आने वाला है?

(A) दस कोस दूर

(B) चार कोस दूर

(C) पाँच कोस दूर

(D) सात कोस दूर

76. अशोक वाजपेयी जी ने कहाँ रहकर स्वतंत्र लेखन किया था ?

(A) बंगाल में रहकर

(B) दिल्ली में रहकर

(C) हरियाणा में रहकर

(D) बिहार में रहकर

77. 'प्यारे नन्हें बेटे को शीर्षक कविता का नायक कहाँ का रहनेवाला है?

(A) सागर, मध्य प्रदेश

(B) गोड्डा, झारखंड

(C) भिलाई, छत्तीसगढ़

(D) रायपुर, छत्तीसगढ़

bsebresult.in

78. 'लिखने का कारण शीर्षक निबंध किस लेखक की रचना है ?

(A) ज्ञानेंद्रपति

(B) अशोक वाजपेयी

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) रघुवीर सहाय

79. गजानन माधव मुक्तिबोध अपने रचनात्मक जीवन में किन दो प्रधान वैश्विक के संगर्ग में आए ?

(A) अस्तिववाद एवं मार्क्सवाद

(B) क्षणवाद एवं छायावाद

(C) प्रयोगवादी एवं प्रभाववादी

(D) प्रगतिवादी एवं व्यक्तिवादी

80. "नील जल में या किसी की गौर झिलमिल देह जैसे हिल रही हो" - यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है?

(A) पुत्र-वियोग

(B) उपा

(C) कवित्त

(D) गाँव का घर

81. 'मामा' शब्द का विशेषण क्या होगा?

(A) ममेरा

(B) ममिया

(C) मनियारी

(D) इनमें से कोई नहीं

by: BSEBResult.In

bsebresult.in

82. 'यथाशीघ्र शब्द कौन समास है?

(A) तत्पुरुष

(B) अव्ययीभाव

(C) बहुव्रीहि

(D) द्वंद्व

83. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार है?

(A) चार

(B) दो

(C) तीन

(D) पाँच

84. हर तरह के संकटों से घिरे रहने पर भी वह निराश नहीं हुआ- किस वाक्य का उदाहरण है?

(A) संयुक्त वाक्य

(B) प्रश्नवाचक वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सरल वाक्य

85. निम्न में से शुद्ध वाक्य कौन है?

(A) यह कहना आपकी गलती है।

(B) शब्द केवल संकेतमात्र है।

(C) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं।

(D) चरखा कातना चाहिए।

bsebresult.in

86. 'अंतरंग' का विलोम क्या होगा?

(A) अल्प

(B) बहिरंग

(C) अपेक्षा

(D) अनुग्रह

87. 'जिसके समान द्वितीय नहीं है' के लिए एक शब्द है

(A) अजातशत्रु

(B) अनुपम

(C) अद्वितीय

(D) अद्भूत

bsebresult.in

88. 'अंगारों पर लोटना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(A) चाल चलना।

(B) याचना करना।

(C) धोखा देना।

(D) ईर्ष्या से व्याकुल होना ।

89. 'अश्व' का पर्यायवाची क्या है?

(A) तुरंग

(B) अनल

(C) आमोद

(D) अंबक

90. 'उसने उस पुस्तकालय को खरीदा, जो उसके मित्र का था- किस वाक्य का उदाहरणा है?

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

91. 'जख्म पर धूल' शीर्षक कविता किसकी रचना है ?

(A) नामवर सिंह

(B) मलयज

(C) भगत सिंह

(D) उदय प्रकाश

92. 'तिरिछ' शीर्षक पाठ में लेखक के पिताजी कितने साल के हैं?

(A) छप्पन साल के

(B) बावन साल के

(C) पचपन साल के

(D) सत्तावन साल के

93. सी. डब्ल्यू. लीडवेटर किनमें 'विश्व शिक्षक' का रूप देखते थे?

(A) भगत सिंह में

(B) जयप्रकाश नारायण में

(C) उदय प्रकाश में

(D) जे. कृष्णमूर्ति में

bsebresult.in

94. 'शिक्षा' शीर्षक पाठ के अनुसार, सत्य की खोज तभी संभव है, जब

(A) स्वतंत्रता हो।

(B) चिंतन हो।

(C) मनन हो।

(D) विचार हो।

95. 1870 200 ई० के बीच गए लिन मोपासाँ की कहानी की कितनी पुस्तकें प्रकाशित हुई?

(A) दौ सौ

(B) तीन सौ

(C) एक सौ

(D) सात सौ

bsebresult.in

96. 'कलर्क की मौत' शीर्षक पाठ में, जनरल अंतिम प्रार्थी से बात करके कहाँ जाने के लिए मुड़ा ?

(A) शयनकक्ष में जाने के लिए

(B) रसोईघर में जाने के लिए

(C) निजी कमरे की ओर जाने के

(D) स्नानघर में जाने के लिए

97. पेशगी शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) हेनरी लोपेज

(B) अंतोन चेखव

(C) गाइ-डि-मोपासाँ

(D) टोपाज्ड विलियम

98. बीसवीं सदी में प्रगीतात्मकता का दूसरा उन्मेष कैसे हुआ ?

(A) संघर्ष के साथ

(B) रोमांटिक उत्थान के साथ

(C) विद्वेष के साथ

(D) भावुतकता के साथ

99. ओमप्रकाश वाल्मीकि को 'डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार कब प्राप्त हुआ?

(A) 1995 ई. में

(B) 1996 ई. में

(C) 1993 ई. में

(D) 1994 ई. में

bsebresult.in

100. नाटक के क्षेत्र में ज्यूशंकर प्रसाद के बाद की सबसे बड़ी प्रतिभा कौन माने जाते हैं ?

(A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) मोहन राकेश

खण्ड-व (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें-

(क) महँगाई

(ख) नशामुक्ति

(ग) पर्यावरण संरक्षण

(घ) मेरे प्रिय कवि

(ङ) वसंत ऋतु

(च) छठ पर्व

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें-

(क) "मुझे यह सोचकर एक अजीब सी राहत मिलती है और मेरी फँसती हुई साँसे फिर से ठीक हो जाती हैं कि उस समय पिताजी को कोई दर्द महसूस नहीं होता रहा होगा।"

(ख) "हम तो केवल अपने समय की आवश्यकता की उपज हैं।"

(ग) "पूरब पश्चिम से आते हैं

नंगे बूचे नरकंकाल

सिंहासन पर बैठा, उनके

तमगे कौन लगाता है।

(घ) 'बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो।'

bsebresult.in

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें अनुपस्थिति दण्ड-शुल्क माफ करने का अनुरोध हो ।

अथवा,

अपने भाई के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को एक पत्र लिखें।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें।

(i) बिशनी कौन है? इसको किसकी प्रतीक्षा है?

(ii) नारी की पराधीनता कब से आरंभ हुई ?

(iii) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में लपटन साहब की जेब से क्या बरामद हुआ था ?

(iv) मालती के पति का परिचय दें।

(v) 'ओ सदानीरा' कि नदी के लिए कहा गया है?

(vi) जायसी रचित पहले कड़बक में कलंक, काँच और कंचन से क्या तात्पर्य है?

(vii) तुलसी अपनी बात सीधे राम से न कहकर सीता से क्यों कहलवाना चाहते हैं?

(viii) शिवाजी की तुलना भूषण ने मृगराज से क्यों की है ?

(ix) 'तुमुल कोलहल कलह में' शीर्षक कविता में 'विषाद' और 'व्यथा' का उल्लेख है, यह किस कारण से है?

(x) पुत्र के लिए माँ क्या-क्या करती हैं? 'पुत्र-वियोग' शीर्षक कविता के आधार पर उत्तर दें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें।

(i) संघर्ष समितियों से जयप्रकाश नारायण की क्या अपेक्षाएँ हैं?

(ii) अगर हममें वाक्शक्ति न होती, तो क्या होता? 'बातचीत' शीर्षक निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iii) 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ में रवीन्द्रनाथ प्रसाद और प्रेमचंद के चिंतन से दिनकर क्यों असंतुष्ट हैं?

(iv) गजानन माधव मुक्तिबोध ने 'जन-जन का चेहरा एक शीर्षक कविता में सितारे को भयानक क्यों कहा है? सितारे का इशारा किस ओर है?

(v) 'उषा' शीर्षक कविता में, 'राख से लीपा हुआ चौका' के द्वारा कवि ने क्या कहना चाहा है?

(vi) सूरदास रचित पठित पद के आधार पर सूर के वात्सल्य वर्णन की विशेषताएँ लिखिए।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए-

(i) भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। भारतीय त्योहार मुख्य रूप से फसलों के त्योहार हैं। इसका कारण है, भारत का कृषि प्रधान देश होना । अधिकांश त्योहार धर्मों से संबंधित हैं। भारत अनेक धर्मों का देश है। यहाँ हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, पारसी, ईसाई और इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं। इसलिए धार्मिक त्योहार भी विविधता लिए हुए हैं।

bsebresult.in

एक-दूसरे के धर्मों के बारे में जानकर अच्छा व्यक्ति बनने का भाव जागृत होता है। दशहरा , इंद, गुरु पर्व क्रिसमस, दीपावली, मुहरंग आदि धार्मिक त्योहार हैं।

(ii) ज्ञान का समस्त भंडार पुस्तकों में रहता है। प्रत्येक व्यक्ति इनसे अपनी-अपनी रुचि के अनुसार ज्ञान प्राप्त कर सकता है। संगीत, नृत्य, चित्रकला, लघुकथा, कविता, कहानी, उपन्यास, विज्ञान, इतिहास, कम्प्यूटर आदि का ज्ञान इन पुस्तकों से ही प्राप्त किया जा सकता है। अपनी-अपनी रुचि के अनुसार बालक से वृद्ध तक पुस्तक पढ़ सकते हैं। जितने मनुष्य हैं, उनकी अपनी-अपनी रुचि है। वे अपने-अपने क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। इतना विविधतापूर्ण ज्ञान और विविध जानकारियाँ केवल पुस्तकें ही दे सकती हैं।

bsebresult.in

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।

bsebresult.in